प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनाँक- 30.08.2024

- **जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत साइबर क्राइम थाना जनपद कानपुर देहात पुलिस को मिली सफलता।**
- **साइबर अपराधी द्वारा शिकायतकर्ता की पत्नी की डिलीवरी (प्रसव) के सरकारी पैसे दिलाने के नाम पर कुल 1,93,831/- रुपये की साइबर ठगी की गयी।**
- **एक अन्य शिकायतकर्ता से साइबर अपराधी द्वारा ई-श्रृम कार्ड के माध्यम से रूपये भेजने के नाम पर आवेदक के साथ कुल 39,104/- रुपये की साइबर ठगी की गयी ।**
- **साइबर क्राइम थाना ने दोनों शिकायतकर्ताओं द्वारा दर्ज करायी गयी शिकायतों पर कार्यवाही करते हुए कुल धनराशि 97,137/- रुपये को वापस कराया।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में एवं पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्रीमान बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता श्री सुमित कुमार पुत्र श्री खुशीराम निवासी ग्राम सरौता थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात की पत्नी की कुछ दिन पहले डिलीवरी हुई थी। जिसका सरकारी पैसा दिलाने के नाम पर अज्ञात नम्बर से कॉल कर अपने आप को स्वास्थ्य विभाग का अधिकारी बताया तथा आवेदक की पत्नी की डिलेवरी से संबंधित डिटेल बतायी जिससे आवेदक को कोई शक नहीं हुआ। जिसके पश्चात आवेदक के साथ भिन्न-भिन्न ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 1,93,831/-रुपये की साइबर ठगी की गयी। जिसके सम्बन्ध में आवेदक सुमित कुमार उपरोक्त ने दिनांक 23.08.2024 को साइबर हेल्पलाइन नं0 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज कराई जिस पर थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए साइबर अपराधी के वॉलेट/बैंक अकाउंट को डेबिट फ्रीज कराया गया एवं दिनांक 28.08.2024 को शिकायतकर्ता के बैंक खाते में कुल धनराशि 80,488/- रुपये वापस कराये गये तथा शेष बचे हुए पैसों को वापस कराने के लिए आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में एक अन्य शिकायतकर्ता श्री श्यामवरन पुत्र सूर्यबली निवासी ग्राम पतरा सड़वा थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात के साथ अज्ञात व्यक्ति द्वारा कॉल कर ई-श्रृम कार्ड के माध्यम से 7,500 रूपये भेजने के नाम पर आवेदक के साथ दिनांक 26.08.2024 को कुल 39,104 रुपये का फ्रॉड किया गया था। जिसकी शिकायत आवेदक द्वारा साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर दर्ज करायी गयी। आवेदक के साथ हुयी घटना के सम्बन्ध में साइबर थाना जनपद कानपुर देहात

द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए साइबर अपराधी के वॉलेट/बैंक अकाउंट को डेबिट फ्रीज कराया गया एवं दिनांक 29.06.2024 को शिकायतकर्ता के बैंक खाते में कुल धनराशि 16,649/- रूपये वापस कराये गये तथा शेष बचे हुए पैसों को वापस कराने के लिए आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। । पुलिस/साइबर पुलिस की त्वरित कार्यवाही से शिकायतकर्ताओं ने जनपद कानपुर देहात पुलिस का धन्यवाद दिया।

वापस करायी गयी कुल धनराशि-

97,137 रुपये

धनराशि वापस कराने वाली साइबर क्राइम पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 श्री शिवनरायण सिंह साइबर क्राइम थाना जनपद कानपुर देहात।
2. का0 159 बलजीत सिंह साइबर क्राइम थाना जनपद कानपुर देहात।
3. का0 793 जसवीर सिंह साइबर क्राइम थाना जनपद कानपुर देहात।
4. का0 541 अभिनय साइबर क्राइम थाना जनपद कानपुर देहात।